प्रीलिम्स फैक्ट्स: 10 जुलाई, 2019

- एंटीबायोटिक प्रतिरोध
- प्लान बी
- नई मिसाइल परीक्षण सुविधा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध

हाल में किये गए एक अध्ययन के अनुसार, मानव शरीर में उपस्थित बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोध **(Antibiotic Resistance)** के गुण पाए गए हैं।

//

- **कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज** (Kasturba Medical College- KMC) तथा **मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन** (Manipal Academy of Higher Education- MAHE) के तहत तृतीयक देखभाल अस्पताल द्वारा कैंसर उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया 'हेलिकोबैक्टर पाइलोरी' *(Helicobacter pylori)* पर अध्ययन किया गया।
- यह बैक्टीरिया मानव शरीर में कैंसर का कारक है।
- वैज्ञानिकों द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार, कैंसर की तीन दवाओं **मेट्रोनिडाज़ोल, लेवोफ्लॉक्सासिन** तथा **क्लेरथ्रोमाइसिन** का इस बैक्टीरिया पर प्रभाव कम हो गया है
- इस बैक्टीरिया (हेलिकोबैक्टर पाइलोरी) ने इन दवाओं के प्रति प्रतिरोधी गुण विकसित कर लिया है।
- अब ये दवाएँ अल्सर, गैस्ट्रिक एवं आमाशय के कैंसर के इलाज में अधिक राहत देने में सक्षम नहीं हैं।

प्लान बी (Plan Bee)

- ट्रेन हादसों में हाथियों की मौत को रोकने तथा उन्हें रेलवे पटरियों से दूर रखने के लिये पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा अपनाई गई अनोखी रणनीति **प्लान बी (Plan Bee) को** भारतीय रेलवे ने **सर्वश्रेष्ठ नवाचार पुरस्कार** (Best Innovation Award) प्रदान किया है।
- इस रणनीति के अंतर्गत क्रॉसिंग पर ऐसे ध्वनि यंत्र लगाए जाते हैं जिनसे मधुमक्खियों की भिनभिनाहट जैसी आवाज़ निकलती है, इस आवाज़ के कारण हाथी रेल की पटरियों से दूर रहते हैं और ट्रेन हादसों का शिकार होने से बच जाते हैं।
- पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के उत्तर-पूर्व के क्षेत्रों, पश्चिम बंगाल और बिहार में कुल 29 हाथी गलियारे चिन्हित किये गए हैं जहाँ पर ट्रेनों की गति को धीमा करना और निर्दिष्ट गति का पालन करना आवश्यक है।
- सबसे पहले यह यंत्र गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के पास स्थापित किया गया।
- वर्तमान में 46 उपकरण ऐसे सुभेद्य बिंदुओं पर स्थापित हैं।
- इस ध्वनि यंत्र की आवाज़ को 600-700 मीटर की दूरी पर स्थित हाथियों द्वारा सुना जा सकता है और इस तरह यह उन्हें पटरियों से दूर रखने में मदद करता है।
- वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में वैश्विक स्तर पर हाथियों की रेल दुर्घटनायें सबसे अधिक हैं।
- पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ज़ोन अधिकारियों के अनुसार, **प्लान बी** और अन्य उपायों द्वारा वर्ष 2014 से जून 2019 तक 1,014 हाथियों को बचाया गया है।

नई मिसाइल परीक्षण सुविधा

New Missile Testing Facility

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEFCC) ने आंध्र प्रदेश में बंगाल की खाड़ी के तट पर मिसाइल परीक्षण प्रक्षेपण एवं तकनीकी सुविधा स्थापित करने के लिये **पर्यावरण और तटीय नियामक क्षेत्र** को मंज़ूरी दी।

- इससे पहले DRDO ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा ज़िले में कृष्णा वन्यजीव अभयारण्य में इस परियोजना को स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था।
- मिसाइल परीक्षण एवं प्रक्षेपण की यह परियोजना रणनीतिक आवश्यकता के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्त्व की भी है, इसे कहीं और स्थापित नहीं किया जा सकता है।
- अतः इसे पर्यावरण प्रभाव आकलन (Environmental impact assessment) अधिसूचना 2016 के अनुसार सार्वजनिक सुनवाई से छूट दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-10-july-2019